षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-09 बुधवार, दिनांक- 08 मार्च, 2017 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अप० तक ।

[1] अन्य चर्चाएँ :-

सभा की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सदन की ओर से सभी महिला माननीय सदस्या एवं बिहार की सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ दी गयी ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 29 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1084 ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित एवं स्थगित ।
(iii) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।
(iv) 196 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्य स्थगन :-

माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी, श्री मिथिलेश तिवारी, श्री विद्या सागर केशरी, श्री अरूण कुमार सिन्हा, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं श्री केदार प्रसाद गुप्ता से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री अमित कुमार
(ii) श्री शमीम अहमद
(iii) श्री महबूब आलम
(iv) श्री समीर कुमार महासेठ
(v) श्रीमती बेबी कुमारी
(vi) श्री ललन पासवान
(vii) श्री (मो०) नेमतुल्लाह
(viii) श्री मिथिलेश तिवारी
(ix) श्री (डा०) राजेश कुमार
(x) श्री संजय सरावगी
(xi) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xii) श्री सुबोध राय
(xiii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिन्हा
(xiv) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(xv) श्री विद्या सागर केशरी
(xvi) श्री सुदामा प्रसाद
(xvii) श्री (मो०) नवाज आलम

[5] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य सभासदों का भवन निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, भवन निर्माण विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री (डा०) अशोक कुमार एवं श्री दिनेश चन्द्र यादव का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री (डा०) अशोक कुमार द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा उत्तर दिया गया । साथ ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा इस विषय पर विस्तार से स्थिति स्पष्ट की गयी ।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 05.02 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2017-2018 के वार्षिक वित्तीय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-03 (शिक्षा विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग तथा समाज कल्याण विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान**

शिक्षा विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डॉ० सुरेन्द्र कुमार

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया ।)

(ii) श्री राज किशोर सिंह
(iii) डॉ० अशोक कुमार
(iv) श्री मिथिलेश तिवारी
(v) श्री फराज फातमी
(vi) श्री जितेन्द्र कुमार
(vii) श्रीमती एज्या यादव
(viii) श्री वृज किशोर विन्द
(ix) श्री चन्द्रसेन प्रसाद
(x) श्री ललन पासवान

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xi) श्री विनय वर्मा
(xii) श्री सत्यदेव राम
(xiii) श्री सैयद अबु दौजाना
(xiv) श्री रामप्रीत पासवान

तत्पश्चात् सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गए ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा शिक्षा विभाग के संबंध में अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-45 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त बिहारवासियों को सदन की ओर से होली की शुभकामनाएँ दी गयी ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-15 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।